भारत सरकार/ GOVERNMENT OF INDIA

खान मंत्रालय/ MINISTRY OF MINES

भारतीय खान ब्यूरो/ INDIAN BUREAU OF MINES

क्षेत्रीय खान नियंत्रक का कार्यालय

OFFICE OF THE REGIONAL CONTROLLER OF MINES

हिंदी कार्यशाला रिपोर्ट

दिनांक 27.03.2018

क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर

Regional Office, Bhubaneswar

भारतीय खान ब्यूरो, भुवनेश्वर में मार्च, ,2018 को समाप्त तिमाही के लिए, दिनांक 27 ,मार्च, 2018 को ,**राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने तथा राजभाषा संबंधी अधिनियमों , नियमों एवं आदेशों के अनुपालन हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन सभागार (आडिटोरिएम) में किया गया।** इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी ने भाग लिया |

इस अवसर पर गणमान्य अतिथि के रूप में संस्थान के क्षे.खा.नि. श्री हरकेश मीना

की उपस्थिति प्रेरणादायी रही। कार्यशाला का उद्घाटन समारोह दिनांक 27.03.2018 को पूर्वाह्न 10.30 बजे क्षे.खा.नि. श्री हरकेश मीना एवं सभी अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया | हिंदी संपर्क अधिकारी श्री डी.उपाध्याय ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन

एवं स्वागत किया| कार्यक्रम का संचालन श्री महेश्वर मिश्र , अवर श्रेणी लिपिक द्वारा किया गया । अंत में अध्यक्ष महोदय श्री हरकेश मीना (क्षे.खा.नि.) ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक कार्य हिंदी भाषा के माध्यम से करने पर जोर देते हुए ऐसे कार्यक्रमों की उपयोगिता पर बल दिया।

कार्यशाला का प्रथम व्याख्यान 11.45 बजे से 1.00 तक **"सरकारी,अर्धसरकारी पत्रों का हिंदी में पत्राचार, सामान्य आदेश एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण"** विषय पर **श्री पी.एम्.सुन्दरेश्वर,** सहायक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा दिया गया, जिसमे उन्होंने पत्राचार लिखते समय किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए तथा एक प्रभावकारी पत्र कैसे लिखा जाए इन सब बातों से अवगत कराया | जिसे प्रशिक्षणार्थीयों ने बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना एवं उसे ध्यानमग्न किया| उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी से एक पत्र लिखने को कहा जिसमे सभी प्रशिक्षनार्थियो ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा एक प्रभावकारी पत्र लिखने की कोशिश की गई बाद में श्री पी.एम्. सुन्दरेश्वर द्वार इसका मूल्यांकन किया गया एवं मूल्यांकन के दौरान पत्रों में विद्यमान सभी त्रुटियों से सभी को अवगत कराया एवं उसका निराकरण बताया |

पुनः भोजनावकाश के पश्चात् दूसरा व्याख्यान 2.30 से 3.45 तक **"उल्लंघन एवं कारण बताओ पत्र का मसौदा एवं तकनीकी पत्राचार"** विषय पर

श्री हरकेश मीना, क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, भुवनेश्वर द्वारा लिया गया उसमें उनके द्वारा उल्लंघन एवं कारण बताओ पत्र का मसौदा एवं तकनीकी पत्राचार कैसे लिखा जाए के संबंध में जानकारी दी गई जिसे प्रशिक्षणार्थीयों ने बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना| बाद में उन्होंने अपने वर्ग में सभी से एक तकनीकी पत्राचार तथा एक उल्लंघन एवं कारण बताओ पत्र का मसौदा लिखने को कहा सभी ने एक अच्छी कोशिश की तथा बाद में उसका मूल्यांकन किया गया एवं उसमें विद्यमान त्रुटियों से अवगत कराते हुए उसका निराकरण बताया जो की सभी प्रशिक्षणार्थीयों के लिए काफी फायदेमंद रहा इस प्रकार दूसरे व्याख्यान की समाप्ति की गई|

पुन: 3.45 से 5.00 तक तीसरा व्याख्यान "हिंदी टिप्पणी लेखन एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण" विषय पर श्री दिलीप जैन ,कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी, भारतीय खान ब्यूरो ,भुवनेश्वर द्वारा लिया गया |

उन्होंने अपने व्याख्यान में सभी प्रशिक्षणार्थीयों से हिंदी टिप्पणी लेखन के दौरान आ रही कठिनाईऔ को सुना एवं उसका निदान बताया साथ ही साथ सभी से कुछ टिप्पणी लिखने को कहा जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थीयों बढ़ चढ़ कर भाग लिया| बाद में श्री दिलीप जैन ने सभी टिप्पणी को पढ़ा एवं उसमें विद्यमान त्रुटियो से अवगत कराया तथा उसका निदान भी बताया जो की प्रशिक्षणार्थीयों के लिए काफी फायदेमंद रहा | इस प्रकार तीसरे व्याख्यान की समाप्ति की गई |

कार्यशाला के अंत में 5.00 से 5.30 बजे तक समापन समारोह क्षे.खा.नि. श्री हरकेश मीना के अध्यक्षता में संपन्न हुआ समापन कार्यक्रम का संचालन श्री एम. मिश्र, अवर श्रेणी लिपिक , द्वारा किया गया | हिंदी संपर्क अधिकारी श्री डी.उपाध्याय ने

हिंदी कार्यशाला का ब्यौरा रखा तथा उन्होंने सभी से ज्यादा से ज्यादा हिंदी में कार्य करने की अपील की |

हिंदी कार्यशाला के अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थीयों से हिंदी कार्यशाला में क्या सिखने को मिला ये पूछा गया, तब सभी ने बढ़-चढ़ कर कार्यशाला के उपयोगिता को संतोषप्रद बताया |

अंत में हिंदी कार्यशाला के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को उत्साह व् लगन के साथ धैर्यपूर्वक शामिल होकर प्रशिक्षण लेने के लिए क्षेत्रीय खान नियंत्रक .श्री हरकेश मीना द्वारा सराहना की गई एवं भविष्य में कार्यालय में ज्यादा से ज्यादा हिंदी का उपयोग हो इसकी आशा जताई अंत में, हिंदी संपर्क अधिकारी **श्री डी.उपाध्याय** द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ

कार्यशाला में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया | उक्त कार्यशाला का सफल आयोजन हिंदी संपर्क अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक श्री डी. उपाध्याय के निर्देश में एवं कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्री आशीष नारायण के मदद से किया गया |